स्पेशल स्ट
इंडियन क्रि
दबंग अवता

NBT
संडे नवभारत टाइम्स

नई दिल्ली > रविवार, 6 जनवरी 2019 > पौष 16 शक संवत 1940 पौष शुक्ल प्रतिपदा विक्रम 2075 www.nbt.in पेज 24* > मूल्य

नर्सरी एडमिशनः बचे सिर्फ 2 दिन

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी एडमिशन के लिए जनरल कैटिगरी में 7 जनवरी तक अप्लाई किया जा सकता है। वहीं ईडब्ल्यूएस कैटिगरी के लिए ऑनलाइन ऐप्लीकेशन का प्रोसेस अगले हफ्ते से शुरू होगा। शिक्षा निदेशालय के सूत्रों का कहना है कि 9 या 10 जनवरी से ईडब्ल्यूएस कैटिगरी के लिए एडमिशन प्रोसेस शुरू हो सकता है। स्कूलों और एक्सपर्ट्स की पैरंट्स को सलाह है कि ज्यादा से ज्यादा स्कूलों के लिए अप्लाई करें।

नर्सरी एक्सपर्ट खगेश झा का कहना है कि घर के पास सभी स्कूलों के फॉर्म भरने चाहिए और सिर्फ नामी स्कूलों के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। दिल्ली में हजार से भी ज्यादा स्कूलों में नर्सरी एडमिशन होते हैं। केवल नामी स्कूलों में ही अप्लाई करने के बारे में नहीं सोचना चाहिए। एवरग्रीन सीनियर सेकंडरी स्कूल, वसुंधरा एनक्लेव की प्रिंसिपल प्रियंका गुलाटी का कहना है कि डिस्टेंस के सबसे ज्यादा पाइंट्स हैं और घर के पास स्कूल में एडमिशन के अच्छे चांस हैं।

वीएसपीके इंटरनैशनल स्कूल रोहिणी के चेयरमैन एस.के. गुप्ता का कहना है कि पिछले साल से ज्यादा ऐप्लीकेशन आई हैं और अभी तक करीब 2500 ऐप्लीकेशन जनरल कैटिगरी में आई हैं और डिस्टेंस के ज्यादा पाइंट्स पाने वालों के एडमिशन आसानी से हो जाएंगे। एम.एम. पब्लिक स्कूल पीतमपुरा की प्रिंसिपल रोमा पाठक का कहना है कि अभी तक करीब एक हजार ऐप्लीकेशन रिसीव हो चुकी हैं और दो दिनों में ऐप्लीकेशन का नंबर बढ़ेगा।

जनरल कैटिगरी में ऐप्लीकेशन प्रोसेस पूरा होने के बाद 4 फरवरी को पहली लिस्ट के साथ-साथ स्कूल वेटिंग लिस्ट भी देंगे। 5 से 12 फरवरी तक पैरंट्स पहली लिस्ट से जुड़ी अपनी शिकायत या सवाल स्कूल से कर सकते हैं। दूसरी एडमिशन लिस्ट, वेटिंग लिस्ट के साथ 21 फरवरी को जारी होगी। इस लिस्ट को लेकर 22 फरवरी से 28 फरवरी तक पैरंट्स अपनी शिकायतें रख सकते हैं। जरूरत पड़ने पर तीसरी लिस्ट 15 मार्च को जारी होगी। एडमिशन प्रोसेस 31 मार्च को बंद हो जाएगा।

7 जनवरी को लास्ट डेट

- पैरंट्स को ज्यादा से ज्यादा स्कूलों के लिए अप्लाई करने की सलाह
- ईडब्ल्यूएस के लिए ऑनलाइन ऐप्लिकेशन का प्रोसेस अगले हफ्ते से